पंजाब केसरी 29/09/2024

जी.एम.एन. कॉलेज एन.सी.सी. गर्ल्स विंग ने किया स्वच्छता साइक्लिंग का आयोजन

गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज में स्वच्छता साइक्लिंग करतीं एन.सी.सी. गर्ल्स विंग की कैडेट्स। (देवदत्त)

अम्बाला, 28 सितम्बर (बलराम): वन एच. आर. हरियाणा गर्ल्स बटालियन के निर्देश पर चल रहे स्वच्छता अभियान के एक हिस्से के रूप में शनिवार को गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज की एन.सी.सी. गर्ल्स विंग ने कॉलेज के बाहर स्वच्छता एवं पर्यावरण जागरूकता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से साइक्लिंग का आयोजन किया।

कार्यक्रम का आयोजन कार्यवाहक प्रिंसीपल डा. सीमा कंसल के मार्गदर्शन में हुआ, जिन्होंने साइकिलिंग को बहुत बढ़िया शारीरिक व्यायाम कहा। 42 कैडेट्स ने बड़े उत्साह के साथ साइकिलिंग में भाग लेकर स्वच्छता के प्रति अपने समर्पण का प्रदर्शन किया।

एन.सी.सी. गर्ल्स विंग्स की सी.टी.ओ. डा. तृप्ति शर्मा ने कहा कि साइक्लिंग से न केवल शारीरिक लाभ मिलता है, बल्कि मानसिक स्थिरता भी प्रदान होती है।

इस गतिविधि का उद्देश्य हमारे दैनिक जीवन में साइकिल चलाने के महत्व को उजागर करना है और कैसे कोई किफायती तरीके से स्वस्थ रह सकता है, जो पर्यावरण के साथ-साथ स्वयं के लिए भी प्रभावशाली है।